ऊर्जा बचत के लिए कोलकाता को प्लैटिनम रेटिंग मिली

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है सरकार - शोभनदेव

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता : कोलकाता को इंडिया ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से प्लैटिनम रेटिंग मिली है। हिडको के चेयरमैन **देवाशीष सेन** ने गुरुवार को बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सिर्फ इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना ही नहीं की है बल्कि उनके रखरखाव के लिए वर्कशॉप भी बनाया है। वहीं विद्युत मंत्री **शोभनदेव चट्टोपाध्याय** ने ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर बल देने का

आह्वान किया। सत्र को संबोधित करते हुए चट्टोपाध्याय ने कहा की वर्तमान परिस्थिति में प्रदूषण चिंता का विषय है। आज की परिस्थिति में हम 90 फ़ीसदी ऊर्जा के पुराने स्रोतों पर निर्भर हैं इसीलिए हमें वैकल्पिक स्रोत पर बल देना होगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता 30 मेगावाट हो गई है और 1 साल के भीतर यह 300 मेगावाट हो जाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जीके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में हाइड्रो इलेक्ट्रिक जनरेटर परियोजना शुरू हुई है। मंत्री ने तुलगा में 1000 मेगावाट क्षमता वाले हाइड्रो पावर जनरेशन परियोजना का भी उल्लेख किया। विद्युत मंत्री ने बताया कि बंगाल में इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग शुरू हो गया है। देश में पहली बार है कि कोई राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के तौर पर कर रही है। विद्युत विभाग व परिवहन विभाग ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पूरे प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन के लिए अधिक संख्या में चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के लिए निजी क्षेत्र से 'आगे आने का आह्वान किया और कहा कि इससे एक ओर जहां प्रदूषण की मात्रा घटेगी वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग के प्रधान सचिव **प्रभात कुमार मिश्रा** ने कहा कि 77 चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं इनमें से 20 हाई पावर क्विक चार्जिंग स्टेशन है। इलेक्ट्रिक बसें ढाई लाख किलोमीटर प्रति माह चल रही हैं। इस सेमिनार को ब्रिटिश हाई कमिशन, दिल्ली की प्रतिनिधि लिब्बी ग्रीन और चेंबर के नामित अध्यक्ष देव ए. मुखर्जी ने भी संबोधित किया।